**Nai Dunia (Indore), 26th November 2021, Page-05**

# आइआइटी इंदौर : बीटेक विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। आइआइटी इंदौर ने बीटेक के विद्यार्थियों के लिए गुरुवार को आनलाइन ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया। कोर्स में करीब 360 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है। संस्थान के कार्यवाहक निदेशक प्रो. नीलेश कुमार जैन ने कहा कि विद्यार्थियों ने जेईई परीक्षा में अच्छी रैंक लाकर चुनौतियों को अवसर में बदल दिया है। इस वर्ष जेईई में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले ने संस्थान में प्रवेश लिया है। आइआइटी में प्रवेश लेने वालों की जेईई काउंसलिंग की ओपनिंग और क्लोजिंग रैंक में सुधार हुआ है। विद्यार्थियों को फिलहाल आनलाइन शिक्षा का लाभ लेना होगा। यह चुनौतीभरा रहेगा लेकिन हमें समझना होगा कि भविष्य की यह जरूरत है। विद्यार्थी जब अपने घर से कक्षाओं में शामिल हो तो ऐसा मानें कि वे भौतिक रूप से कक्षाओं में शामिल है।